प्रसार भारती213

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे

मुख्यमंत्री

प्रदेश मेँ अनाथ बच्चों को बोनाफाइड हिमाचली प्रमाण–पत्र प्राप्त करने का अधिकार प्रदान किया गया है। राज्य सरकार ने ये निर्णय उन अनाथ बच्चों के लिए लिया है, जो पिछले 15 वर्षों से प्रदेश के बाल–देखभाल संस्थानों में रह रहें हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का अनाथ बच्चों को हिमाचली प्रमाण पत्र देने का ये निर्णय उनके उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करने और अन्य नागरिकों के समान अधिकार व अवसर प्रदान करने की दिशा में एक और अहम कदम है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले के दिशा निर्देशों में ऐसी कोई व्यवस्था न होने के कारण ये बच्चे कल्याणकारी योजनाओं और रोजगार के अवसरों से वंचित रह जाते थे।

..............................................................

ईद–उल–फितर

ईद उल फितर का त्यौहार आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान लोगों ने ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज़ अदा की और एक–दूसरे को ईद की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईद पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से उम्मीद जताई कि यह त्योहार समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाएगा। वही प्रदेशभर में भी ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, और लोग मस्जिदों में जाकर ईद की नमाज अता कर एक दूसरे को ईद की बधाई दे रहें हैं।

..............................................................

नवरात्र

चैत्र नवरात्र के दूसरे दिन आज माँ दुर्गा के ब्रहमचारिणी स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। इनकी उपासना से मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। नवरात्र के लिए सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। कांगड़ा, ऊना और बिलासपुर ज़िलों में स्थित शक्तिपीठों में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

..............................................................

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दवाईयों के सैंपल फेल होने को जनता से खिलवाड़ बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को इस पर और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सशक्त नीति व सख्त मापदंडों के साथ दवा उत्पादकों से दवा उत्पादन करवाना चाहिए।

---

मंजूरी

केन्द्र सरकार ने 75 करोड़ रुपए की हरोली विधानसभा की बीत क्षेत्र सिंचाई योजना के दूसरे चरण को मंजूरी दी है। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि इस योजना के तहत 90 प्रतिशत वित्तीय सहयोग केंद्र सरकार और 10 प्रतिशत राज्य सरकार की ओर से प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरोली क्षेत्र के किसानों के लिए ये एक बड़ी सौगात है और इसके अंतर्गत 12 जल संग्रहण टैंक बनाकर खेतों में पानी पहुंचाया जाएगा।

---

मांग

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिक्षा संघ ने एक बार फिर शिक्षकों की सेवानिवृति आयु 60 से बढ़ाकर 65 वर्ष करने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष एम.एस. ठाकुर के अनुसार यू.जी.सी. के दिशा–निर्देशों के मुताबिक अन्य विश्वविद्यालयों के आधार पर शिक्षकों की सेवानिवृति आयु को बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने भर्ती और पदोन्नति के लिए यू.जी.सी के दिशा–निर्देशों को लागू किया है, जबकि सेवानिवृति आयु की नीतियां अभी भी प्रदेश सरकार के नियमों के तहत चल रही है।

---